भाजपा का संकल्प : 'ममता राज' की जगह 'राम राज' आएगा, शाह बोले-सरकार बनी तो छह माह में यूसीसी

महिलाओं को हर महीने तीन हजार मिलेंगे

सत्ता संग्राम

■ रामनारायण श्रीवास्तव

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के लिए भाजपा ने शुक्रवार को अपना संकल्प पत्र जारी किया। घोषणा पत्र के मुख्य वादों में महिलाओं को तीन हजार प्रति माह, युवा बेरोजगारों को तीन हजार महीने की मदद, पहले छह महीने में समान नागरिक संहिता लागू करना और सरकारी कर्मचारियों को 45 दिन में सातवां वेतनमान देना शामिल है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी के 'भरोसा पत्र' को जारी करते हुए दो टूक कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल को भय मुक्त करेगी और घुसपैठियों को बाहर निकालेगी। शाह ने कहा कि यह संकल्प पत्र पश्चिम बंगाल की जनता को गहरी निराशा से निकालने का रास्ता है। घोषणा पत्र में विकसित बंगाल का पूरा रोडमैप शामिल है। शाह ने कहा कि यह संकल्प पत्र बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को एक नया मार्ग दिखाएगा।

शाह ने कहा कि यह संकल्प पत्र भरोसे का है। यह सोनार बांग्ला के निर्माण का भरोसा है। उन्हें भरोसा है कि बंगाल की जनता पांच साल के लिए सरकार बनाने का मौका जरूर देगी। अमित शाह ने साफ किया कि भाजपा की सरकार घुसपैठ को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर आगे बढ़ेगी। पश्चिम बंगाल की जनता पूर्ण बहुमत की सरकार बनाए, हम घुसपैठियों को बाहर निकाल देश और बंगाल को सुरक्षित बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बकाया डीए भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा और सरकार बनने के 45 दिन के भीतर सातवें वेतन आयोग को लागू किया जाएगा।

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में शुक्रवार को भाजपा का संकल्प पत्र जारी करने के दौरान मीडया से मुखातिब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

ग्रेटर कोलकाता बनाने का वादा भी किया

शाह ने बंगाल की संस्कृति को पूरे देश में फैलाने का वादा करते हुए कहा है कि भाजपा एक वंदे मातरम् म्यूजियम बनाएगी, ग्रेटर कोलकाता बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस सहित राज्य की सभी नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देंगे। शाह ने कहा कि आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय में वृद्धि की जाएगी।

प्रमुख दलों के घोषणा पत्र में किए गए वादे...

भाजपा का भरोसा पत्र

45 दिन के भीतर राज्य कर्मचारियों के लिए सातवां वेतन आयोग

- बंगाल को 'सोनार बांग्ला' बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण काम होंगे।
- घुसपैठियों की पहचान की जाएगी और उन्हें बाहर निकाला जाएगा।
- सभी सीमाओं को सुरक्षित करने पर काम किया जाएगा।
- बंगाल में पशुओं की तस्करी पर पूरी तरह रोकथाम लगाई जाएगी
- पुलिस समेत सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण।
- अगले पांच साल में राज्य में एक करोड़ नौकरी-स्वरोजगार के अवसर।
- बेरोजगार युवाओं को 10,000 रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी।
- कुर्माली और राजबंशी भाषाएं संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल होंगी।

तृणमूल कांग्रेस का घोषणा पत्र

महिलाओं के लिए मासिक सहायता में बढ़ोतरी, सामान्य वर्ग के लिए 1500 और आरक्षित के लिए 1700 रुपये प्रतिमाह।

- बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिलने तक 1,500 रुपये मासिक भत्ता।
- पश्चिम बंगाल में हर परिवार के लिए पक्के मकान का निर्माण।
- किसानों की सहायता और भूमिहीन के लिए विशेष पैकेजों के साथ।
- 30,000 करोड़ का कृषि बजट।
- सात नए जिले बनाने व निकायों का विस्तार करने की योजना।
- वरिष्ठ नागरिकों के लिए पेंशन जारी रहेगी, और लाभार्थियों को जोड़ने के लिए योजना विस्तार किया जाएगा
- राज्य के हर घर तक पाइप से पीने के पानी की आपूर्ति।
- बेहतर बंदरगाहों, सड़कों और विश्व व्यापार केंद्र के साथ बंगाल को भारत का प्रमुख व्यापार केंद्र बनाएंगे।

कांग्रेस का रोजगार गारंटी मिशन

युवाओं के लिए 'बंगाल रोजगार गारंटी मिशन' योजना शुरू होगी।

- स्टार्टअप के लिए फंडिंग, कौशल विकास और एआई शिक्षा पर जोर।
- पलायन रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करेंगे।
- महिलाओं को प्रतिमाह 2000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।
- महिलाओं को स्नातकोत्तर स्तर तक मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाएगी।
- नागरिक सुरक्षा के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों की स्थापना करेंगे।
- राज्य के हर नागरिक को 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा कवरेज देंगे
- किसानों के लिए 15000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता मिलेग और मुफ्त बिजली का प्रस्ताव।
- नागरिकों के लिए सस्ती और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करेंगे।
- राज्य में पुलिस बल की स्वायत्तता सुनिश्चित करने पर काम होगा।

ओवैसी की पार्टी ने हुमायूं कबीर से नाता तोड़ा

कोलकाता। हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी और असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम के बीच बंगाल चुनाव के लिए हुआ गठबंधन टूट गया। एआईएमआईएम ने यह घोषणा उस वीडियो के वायरल होने पर की, जिसमें कबीर पर कथित तौर पर भाजपा के साथ करोड़ों की सौदेबाजी के आरोप लगे हैं। वहीं, ओवैसी के ऐलान के बाद कबीर ने इससे कोई असर नहीं होने का दावा किया है। उन्होंने आरोपों को भी खारिज किया। गुरुवार को टीएमसी द्वारा वीडियो जारी करने के बाद शुक्रवार को एआईएमआईएम ने एक्स पर एक पोस्ट में गठबंधन तोड़ने का ऐलान किया। पार्टी ने लिखा, 'पार्टी पश्चिम बंगाल चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ेगी।

जीबीयू के पूर्व रजिस्ट्रार समेत 12 लोगों पर केस

कलंक के खिलाफ

ग्रेटर नोएडा, प्रमुख संवाददाता। गौतमबुद्ध विश्विद्यालय में पांच करोड़ रुपये के वित्तीय घोटाले के मामले में पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. विश्वास त्रिपाठी समेत 12 अफसरों-कर्मियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इकोटेक कोतवाली में जीबीयू के प्रभारी रजिस्ट्रार सीके सिंह ने यह मामला दर्ज कराया।

प्रभारी रजिस्ट्रार सीके सिंह ने बताया कि डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने 28 दिसंबर 2020 को जीबीयू में रजिस्ट्रार का पद्भार ग्रहण किया था। रजिस्ट्रार और डीडीओ के रूप में उन्हें विश्वविद्यालय के सार्वजनिक निधियों पर संरक्षक का दायित्व सौंपा गया था। कुलपति के आदेशा पर पिछले वर्ष अप्रैल में वित्तीय वर्ष 2024-25 से संबंधित आंतरिक जांच के दौरान बड़े पैमाने पर वित्तीय जालसाजी, धोखाधड़ी और गबन का खुलासा हुआ। छात्रों से शैक्षणिक शुल्क के रूप में मिले पांच करोड़ रुपये सॉफ्टवेयर में दर्ज दिखे, लेकिन जीबीयू के आधिकारिक बैंक खातों में इसे दर्ज नहीं किया गया। लेखा अनुभाग के नियमित कर्मचारियों ने डेटा एंट्री के लिए जिम्मेदार आउटसोर्सिंग किए गए कर्मियों के साथ मिलकर, धोखे से जमा की गई फीस की नकली रसीदें जारी कर दीं।

छात्र संख्या नहीं बढ़ी तो डिग्री शिक्षकों की प्रोन्नति में बाधा

सख्ती

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। राजकीय व एडेड डिग्री कॉलेजों में छात्र संख्या बढ़ाने को लेकर उच्च शिक्षा विभाग सख्त हो गया है। अब शैक्षिक सत्र में अगर छात्रों की संख्या कम हुई और प्रयास के बावजूद वह न बढ़ी तो शिक्षक व कर्मियों की प्रोन्नति में बाधा आएगी। राजकीय व एडेड डिग्री कॉलेज में शिक्षक व कर्मियों के दक्षता मूल्यांकन में इसका जिक्र किया जाएगा। फिलहाल अब इन्हें मेहनत करनी होगी।

यही नहीं राजकीय व एडेड डिग्री कॉलेजों में छात्रों की संख्या को बढ़ाने के लिए अब गुरुजी इंटर कॉलेजों में छात्रों से संपर्क करेंगे। वह अपने डिग्री कॉलेज के 15 किमी क्षेत्र में स्थित इंटर कॉलेजों में जाएंगे और छात्रों को अपने कॉलेज के बारे में जानकारी देंगे। छात्रों का दाखिला डिग्री कॉलेज में कराकर संख्या में बढ़ोत्तरी करेंगे। डिग्री कॉलेजों में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यही नहीं इसकी सख्त निगरानी उच्च शिक्षा विभाग करेगा। छात्रों की काउंसिलिंग की फोटोग्राफी, आडियो व वीडियोग्राफी भी करानी होगी।

देश 30s

कर्नल पुरोहित ब्रिगेडियर बनेंगे

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित को ब्रिगेडियर के पद पर प्रमोशन के लिए मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। यह फैसला आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल (एएफटी) द्वारा उनकी सेवानिवृत्ति पर रोक लगाने के कुछ ही समय बाद आया है।

शुभम अंतरराष्ट्रीय भगोड़ा घोषित

वाराणसी। कफ सिरप की तस्करी के सरगना प्रह्लाद घाट के कायस्थ टोला निवासी शुभम जायसवाल के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी होने के साथ ही उसे अंतरराष्ट्रीय भगोड़ा घोषित कर दिया गया है।

25 अर्जियों पर सुनवाई करने से इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को विभिन्न मुद्दों पर 25 अलग-अलग जनहित याचिकाएं दाखिल करने वाले अधिवक्ता से कहा कि उन्हें अदालत का रुख करने से पहले संबंधित प्राधिकरणों के पास जाना चाहिए।

लखनऊ के युवक पर छेड़छाड़ का मुकदमा

नोएडा। सेक्टर-120 की सोसाइटी में रहने वाली युवती ने लखनऊ निवासी युवक पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता वैवाहिक वेबसाइट के जरिये आरोपी के संपर्क में आई थी। घटना करीब एक वर्ष पुरानी है।

बैंक ऑफ इण्डिया
Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालयः "स्टार हाऊस"
विभूति खण्ड, गोमती नगर,
लखनऊ–226010, फोनः 0522–2721512

ई-नीलामी सूचना

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना नियम 9(1) के तहत

यह ई–नीलामी बिक्री सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों की प्रतिभूतिकरण एवम् पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के अधीन बैंक के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए है। इस नोटिस के माध्यम से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (कर्ताओं) और ज़मानतकर्ता (कर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि बैंक मे बंधक अचल सम्पत्तियों जिनका विवरण नीचे दिया गया है तथा जिनका सांकेतिक/भौतिक कब्ज़ा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा गया है को 'जैसा हैं, जहां है', 'जो हैं, जैसा है' तथा 'जो कुछ भी है, के आधार पर विक्रय की जायेगी।

ईएमडी / दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 28.04.2026 को सायं 05:00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि एवं समय 28.04.2026, प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

क्र. सं.	खातेदार/जमानतकर्ता का नाम एवं पता/बकाया राशि	अचल सम्पत्तियों का विवरण एवं कब्ज़ा की स्थिति	निर्धारित आरक्षित मूल्य/अग्रिम धनराशि (₹)
	शाखाः आस्ति वसूली शाखा, वरिष्ठ प्रबन्धक, अमित यादव, मो0: 9415389015		
1.	**1. मेसर्स नितिशा ट्रेडिंग कंपनी, प्रोप्राइटरशिप फर्म, प्रोप्राइटर सुश्री निकिता अग्रवाल पत्नी श्री धीरज अग्रवाल,** खसरा संख्या 326 वी, मुत्तकीपुर, आईआईएम रोड, लखनऊ–226021 (उ.प्र.) **2. श्रीमती निकिता अग्रवाल पत्नी श्री धीरज अग्रवाल,** मकान संख्या 47, सेक्टर–आई, जानकीपुरम योजना, जानकीपुरम, लखनऊ–226021 और 109/5 जी, मॉडल हाउस, डाकघर के पास, लखनऊ–226001 (उ.प्र.), **3. श्री नीरज अग्रवाल पुत्र स्व. सुरेंद्र कुमार अग्रवाल,** फ्लैट संख्या ए 1/6 पीआर, छठी मंजिल, पैराडाइज पाम, आईआईएम रोड, महर्षि विश्वविद्यालय के पास, भिटौली खुर्द, लखनऊ–226020 (उ.प्र.), और 109/5 जी, मॉडल हाउस, डाकघर के पास, लखनऊ–226001 **4. श्री धीरज अग्रवाल पुत्र स्व. सुरेंद्र कुमार अग्रवाल,** मकान संख्या 47, सेक्टर–आई, जानकीपुरम योजना, जानकीपुरम, लखनऊ–226021 और 109/5 जी, मॉडल हाउस, डाकघर के पास, लखनऊ–226001 (उ.प्र.), और फ्लैट संख्या 404, चतुर्थ तल, ब्लॉक–बी, गोयल एन्क्लेव, फेज–4, गणेशपुर, रहमानपुर, लखनऊ–226028 (उ.प्र.) (ज़मानतकर्ता–बंधककर्ता) **मांग सूचना की तिथिः 25.06.2025, बकाया धनराशिः ₹ 2,26,12,817.77** (दिनांक 06.04.2026 तक) +ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित साम्यिक बंधक फ्लैट संख्या ए1/6 पीआर, छठी मंजिल, पैराडाइज पाम (ग्रुप हाउसिंग आवासीय अपार्टमेंट), प्लॉट/खसरा संख्या 109 स पर निर्मित, रायपुर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, **क्षेत्रफल 1517.00 वर्ग फीट, श्री नीरज अग्रवाल के नाम पर, चौहद्दीः पूर्वः** मार्ग 7.5, **पश्चिमः** खुला, **उत्तरः** खुला, **दक्षिणः** सीढ़ी और लॉबी की दीवार **(कब्जा–सांकेतिक)**	₹ 61,20,000/– ₹ 6,12,000/–
2.	**ऋणीः मेसर्स लाला फतेह चंद्र हरीश चंद्र एंड संस,** पता– 24, कुलभास्कर कॉम्प्लेक्स जी बी मार्ग लखनऊ–226018 **प्रोपराइटर–श्रीमती मीना सिंघल पत्नी श्री हरीश चंद्र सिंघल,** पताः1–108/53, गगनी शुकुल का तालाब, मॉडल हाउस, अमीनाबाद, लखनऊ–226018, पताः2– दुकान/हॉल सं. 01, मकान नंबर 529/597 पर बनाहै, जो प्रथम तल स्काई कैसल टॉवर, पिकनिक स्पॉट रोड, रहीम नगर, लखनऊ–226006 **ज़मानतकर्ता–श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री राज कुमार वर्मा,** पता–108/53, गगनी शुकुल का तालाब, मॉडल हाउस, अमीनाबाद, लखनऊ–261206 **मांग सूचना की तिथिः 25.05.2022, बकाया धनराशिः ₹ 62,12,906.92** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	दुकान/हॉल सं. 01 मकान नं. 529/597 पर निर्मित, प्रथम तल, स्काई कैसल टॉवर, पिकनिक स्पॉट रोड, रहीम नगर, वार्ड महानगर, जिला लखनऊ, **क्षेत्रफल 109.665 वर्ग मीटर, स्वामीः श्रीमती मीना सिंघल पत्नीः श्री हरीश चंद्र सिंघल, चौहद्दीः पूर्व**–लिफ्ट एव सीढ़ी की जगह, **पश्चिम**–खुली पार्किंग एवं उसके बाद रोड, **उत्तर**–दुकान/हॉल सं. 2, प्रथम तल, **दक्षिण**– ओम प्रकाश मौर्य का प्लाट/मकान **(कब्जा–भौतिक)**	₹ 58,50,000/– ₹ 5,85,000/–
3.	**1. मेसर्स भंवरी लाल टीकम चंद प्रोप. श्री दुली चंद जैन के माध्यम से,** व्यवसाय का पता–नवीन मंडी स्थल रजापुर, लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश–262701 **2. श्री दुली चंद जैन पुत्र स्व. टीकम चंद,** खसरा नंबर 253, मोहल्ला गोट्टायाबाग, शहर व तहसील लखीमपुर, जिला– खीरी–262701 **3. श्री संजय गुप्ता पुत्र श्री राम किशोर गुप्ता** निवासी मेला रोड, चांद ऑटोमोबाइल्स के पास, लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश– 262701 **मांग सूचना की तिथिः 04.11.2011, बकाया धनराशिः ₹ 79,79,000.00** +ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित खसरा सं. 253, मोहल्ला गोट्टायाबाग, शहर व तहसील लखीमपुर, जिला खीरी, **श्री दुली चंद जैन के नाम पर, क्षेत्रफल 930.58 वर्ग मी., चौहद्दीः–पूर्व**– रेलवे कॉलोनी, **पश्चिम**–श्री जैन ऑयल मिल, **उत्तर**– सार्वजनिक खुली भूमि एवं श्री प्रदीप कुमार जैन की संपत्ति, **पूर्व**– में श्याम मनोहर की संपत्ति, **दक्षिण**–अन्य का मकान उपर्युक्त संपत्ति के उस भाग का विवरण है जिसका कब्जा हमें सौंप दिया गया है तथा जिसे दिनांक **28.04.2026** को ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री के लिए रखा जा रहा है: सम्पत्ति खसरा सं. 253 के भाग अर्थात भाग ए (खुला प्लॉट) और भाग ए+1 (मकान) स्थित संपत्ति गोट्टाया बाग, तहसील–लखीमपुर, जिला–खीरी (उत्तर प्रदेश), कुल **क्षेत्रफल–561.33 वर्ग मीटर या 6040 वर्ग फीट, श्री दुली चंद जैन के नाम पर** **भाग ए (खुले प्लॉट की चौहद्दी) की चौहद्दीः–पूर्व**–अन्य का मकान, **पश्चिम**–रेलवे क्वार्टर, **उत्तर**–15 फीट चौड़ा इंटरलॉकिंग रास्ता, **दक्षिण**–अन्य का मकान **क्षेत्रफल–2800 वर्ग फीट** **भाग ए+1 (मकान की चौहद्दी) की चौहद्दीः–पूर्व**–नाला, उसके बाद रेलवे क्वार्टर, **पश्चिम**–इंटरलॉकिंग रास्ता, उसके बाद अन्य की संपत्ति, **उत्तर**–कृष्ण कुमार मिश्रा का मकान, **दक्षिण**–इंटरलॉकिंग रास्ता, उसके बाद शेष मालिक का प्लॉट (वही संपत्ति गिरवी रखी गई है) **क्षेत्रफल–3240 वर्ग फीट** **(कब्जा–भौतिक)**	₹ 58,00,000/– ₹ 5,80,000/–
	शाखाः खुर्रमनगर, लखनऊ, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, श्री मंजीत कुमार, मो. 9838200378		
4.	**ऋणी–: मेसर्स सनशाइन इंटरप्राइजेज, प्रोप. श्री अज़ीम इक़बाल, पुत्र स्व. मोहम्मद इक़बाल,** फ्लैट संख्या जी–05, बीसीसी ग्रैविटी, सेक्टर–14, राजाजीपुरम, लखनऊ, उत्तर प्रदेश –226017 **फैक्ट्री/गोदाम का पता**– यूपी ऑयल मिल कंपाउंड, मालगोदाम रोड, ऐशबाग पुल के पास, लखनऊ– 226004 **सह–ऋणी/जमानतकर्ता– श्री फहीम इक़बाल पुत्र मोहम्मद इक़बाल,** जी–08, बीसीसी ग्रैविटी, सेक्टर–14, राजाजीपुरम, लखनऊ, उत्तर प्रदेश– 226017 **मांग सूचना की तिथिः 17.08.2023, बकाया धनराशिः ₹ 30,73,139.05** +ब्याज एवं अन्य खर्चे	अचल संपत्तियों जिसमें भूमि, भवन तथा उस पर निर्मित या स्थापित अन्य संरचनाएँ और फिटिंग्स शामिल (वर्तमान एवं भविष्य दोनों) के शीर्षक दस्तावेज़ों का साम्यिक बंधक स्थित फ्लैट संख्या जी–08 (भूतल), बीसीसी ग्रैविटी, प्लॉट संख्या 14/सीपी/105, सेक्टर–14 (निकट सुप्पा रॉस), आवास एवं विकास परिषद, राजाजीपुरम, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226017 पर निर्मित, **क्षेत्रफल 55.76 वर्ग मीटर, श्री फहीम इक़बाल, पुत्र मोहम्मद इक़बाल, के नाम पर, चौहद्दीः–उत्तरः** इंटरनल पैसेज, **दक्षिणः** पैदल मार्ग, **पूर्वः** फ्लैट संख्या जी–09, **पश्चिमः** फ्लैट संख्या जी–07 **(कब्जा–सांकेतिक)**	₹ 34,13,000/– ₹ 3,41,300/–
5.	**ऋणी–: मेसर्स क्वार्क्स एकेडमी, प्रोप. श्री अनिल कुमार, पुत्र राम प्रकाश, पताः** सी–3/437, विराम खंड, गोमतीनगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226010 **श्री अनिल कुमार, पुत्र राम प्रकाश, पता–1:** सी–3/437, विराम खंड–2, गोमतीनगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226010, **पता–2:** ई–2/313, विनीत खंड, गोमतीनगर, लखनऊ–226010 **जमानतकर्ता–:श्रीमती राम कुमारी पत्नी राम प्रकाश, पताः** ई–2/313, विनीत खंड, गोमतीनगर, लखनऊ–226010 **मांग सूचना की तिथिः 17.01.2023, बकाया धनराशिः ₹ 7,16,229.00** +ब्याज एवं अन्य खर्चे	साम्यिक बंधक की संपत्ति, जिसमें भूमि, उस पर बने हुए भवन और अन्य ढांचे तथा उनमें लगे सभी फिटिंग्स स्थित ई–2/313, टाइप–ईडबल्यूएस, विनीत खंड, गोमतीनगर, लखनऊ–226010, **क्षेत्रफल 30.00 वर्ग मीटर, उपर्युक्त संपत्ति श्रीमती राम कुमारी, पुत्री श्री राम सेवक के नाम पर** **चौहद्दी–:उत्तरः** मकान संख्या 2/312, **दक्षिणः** मकान संख्या 2/314, **पूर्वः** ईडबल्यूएस मकान, **पश्चिमः** 4.5 मीटर चौड़ी सड़क **(कब्जा–सांकेतिक)**	₹ 35,39,000/– ₹ 3,53,900/–
	शाखा–सीतापुर रोड, लखनऊ, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, श्री रवि रंजन कुमार, मो. 9830506957		
6.	**मोहम्मद चाँद सिद्दीकी पुत्र हाजी मोहम्मद अनीस** पता 1–570/230, आजाद नगर, आलमबाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226005 पता 2– 104, नई बाजार, किला मैदान, काकोरी, लखनऊ–227107 (ऋणी/बंधककर्ता) **मांग सूचना की तिथिः 26.04.2023, बकाया धनराशिः ₹ 33,60,364.71** +ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित प्लॉट संख्या 03/187, सेक्टर–एच, जानकीपुरम योजना, लखनऊ, **कुल क्षेत्रफल 52.00 वर्ग मीटर, चाँद सिद्दीकी के नाम पर**, विक्रय विलेख संख्या 609 दिनांक 18.01.2020 में दर्ज, **चौहद्दी–:पूर्वः** मकान संख्या 3/188, **पश्चिमः** मकान संख्या 3/186, **उत्तरः** मकान संख्या 3/154 एवं 3/155, **दक्षिणः** 7.5 मीटर चौड़ी सड़क **(कब्जा–सांकेतिक)**	₹ 21,60,000/– ₹ 2,16,000/–
	शाखाः मुसाफिरखाना, जिला–अमेठी, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, श्री अग्निवेश कुमार राव, मोः 9007897316		
7.	**मेसर्स सिंह ऑटो सेल्स (फर्म), प्रोपराइटर–श्री कृष्ण प्रताप सिंह पुत्र श्री इंद्र बहादुर सिंह,** ग्राम एवं पोस्ट–ददरा, मुसाफिरखाना, अमेठी–227813 **श्री कृष्ण प्रताप सिंह (ऋणी) पुत्र श्री इंद्र बहादुर सिंह,** ग्राम एवं पोस्ट–ददरा, मुसाफिरखाना, अमेठी–227813 **श्री इंद्र बहादुर सिंह (ज़मानतकर्ता एवं बंधककर्ता) पुत्र श्री राधे श्याम सिंह,** ग्राम एवं पोस्ट–ददरा, मुसाफिरखाना, अमेठी–227813 **मांग सूचना की तिथिः 06.03.2025, बकाया धनराशिः ₹ 28,06,009.07** +ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित स्थित गाटा संख्या 934, ग्राम पलिया पूरब, परगना एवं तहसील मुसाफिरखाना, जिला अमेठी, उत्तर प्रदेश–227813, **श्री इंद्र बहादुर सिंह, पुत्र श्री राधे श्याम सिंह के नाम पर, क्षेत्रफल 960 वर्ग फीट, चौहद्दीः पूर्वः** गया प्रसाद की भूमि, **पश्चिमः** मुसाफिरखाना से गौरीगंज मार्ग, **उत्तरः** राजेश कुमार का मकान, **दक्षिणः** शोभनाथ का मकान **(कब्जा–सांकेतिक)**	₹ 22,35,000/– ₹ 2,23,500/–
	शाखाः पंचायत भवन, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक– श्री अम्बरीश तिवारी, मो. 9628105577		
8.	**श्री लवकुश कुमार वर्मा पुत्र श्री अम्बिका प्रसाद (ऋणी),** 5/480, आवास विकास कॉलोनी, बाराबंकी, उ.प्र. –225001 **श्री अम्बिका प्रसाद पुत्र श्री सतगुरु प्रसाद (सह–ऋणी एवं बंधककर्ता),** ग्राम ठाकुर पुरवा मजरे, तेरा दौलतपुर, सदरुद्दीन पुर, परगना एवं तहसील–नवाबगंज, बाराबंकी, उ.प्र. –225203 **मांग सूचना की तिथिः 30.05.2025, बकाया धनराशिः ₹ 6,84,906.00** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित आवासीय मकान संख्या डब्ल्यू–5/480 (नगर पालिका मकान सं. AV-2024), स्थित आवास विकास, सेक्टर–5, आवास विकास कॉलोनी, परगना एवं तहसील नवाबगंज, जिला–बाराबंकी–225001, **स्वामी–श्री अम्बिका प्रसाद पुत्र श्री सतगुरु प्रसाद** **क्षेत्रफल – 30.15 वर्ग मीटर,** **चौहद्दीः पूर्व**– 6.00 मीटर चौड़ी सड़क, **पश्चिम**– मकान संख्या 5/471, **उत्तर**–मकान संख्या 5/479, **दक्षिण**– मकान संख्या 5/481, **(कब्जा–सांकेतिक)**	₹ 13,31,000/– ₹ 1,33,100/–
	शाखाः ऐशबाग, मुख्य प्रबंधक, श्री जिग्नेश चंद्र मिश्रा, मो.: 6394459883		
9.	**1) श्री संतोष कुमार गुप्ता पुत्र श्री गंगा राम,** पता–551 छ/7घ न्यू सरदारी खेड़ा प्रकाश बर्तन वाली गली, आलमबाग, लखनऊ (ऋणी) **2) श्री अनिल कुमार गुप्ता (मृतक) कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में उनकी पत्नी श्रीमती नीलम गुप्ता,** पता–551 छ/7घ न्यू सरदारी खेड़ा प्रकाश बर्तन वाली गली, आलमबाग, लखनऊ (ऋणी) **3) श्री अशोक कुमार गुप्ता पुत्र श्री गंगा राम,** पता–551 छ/7घ न्यू सरदारी खेड़ा प्रकाश बर्तन वाली गली, आलमबाग, लखनऊ (ऋणी) **4) श्री राम पाल सिंह,** पता–निवासी 558/25 आलमबाग, सुन्दर नगर लखनऊ (ज़मानतकर्ता), **मांग सूचना की तिथिः 12.08.2024, बकाया धनराशिः ₹ 16,66,032.17** +ब्याज एवं अन्य खर्चे	साम्यिक बंधक सम्पत्ति स्थित मकान संख्या 551, छ/7घ, न्यू सरदारी खेड़ा, आलमबाग, लखनऊ, **मालिकः श्री संतोष कुमार गुप्ता और श्री अनिल कुमार गुप्ता** **क्षेत्रफलः 1350.00 वर्ग फीट, चौहद्दीः पूर्वः** श्री बाजपेयी का मकान, **पश्चिमः** श्री जानकी का मकान, **उत्तरः** 10 फुट चौड़ी सड़क, **दक्षिणः** नाला **कब्जा–सांकेतिक)**	₹ 39.00 लाख ₹ 3.90 लाख
	शाखाः चौक, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, गरिमा कुमारी, मो.: 8808621240		
10.	**1) मेसर्स गज़ाला ज़री आर्ट, प्रोप. श्री मोज़ीज अब्बास पुत्र सैयद ज़फ़र हुसैन,** मकान सं. 252/257, हाता कमाल, जमाल नेहरू क्रॉस, रकाबगंज, लखनऊ–226004 **2) श्री सैयद मोज़ीज़ अब्बास पुत्र सैयद ज़फ़र हुसैन (प्रोपराइटर),** मकान सं. 252/257, हाता कमाल, जमाल नेहरू क्रॉस, रकाबगंज, लखनऊ– 226004 **3) श्रीमती महविश अब्बास पत्नी मोज़ीज़ अब्बास (जमानतकर्ता), पता 1**– मकान संख्या 252/257, हाता कमाल, जमाल नेहरू क्रॉस, रकाबगंज, लखनऊ– 226004, **पता 2**– मकान संख्या 238/81, केए–1, भूतल, मोहल्ला कटरा अबू, तुराबखान, वार्ड–यहियागंज, लखनऊ– 226003 **मांग सूचना की तिथिः 15.04.2021, बकाया धनराशिः ₹ 28,23,575.54** +ब्याज एवं अन्य खर्चे	मकान संख्या 238/81, केए–1, भूतल, मोहल्ला कटरा अबू, तुराब खान, वार्ड यहियागंज, लखनऊ, **क्षेत्रफल– 30.971 वर्ग मीटर** **स्वामित्व–महविश मिर्ज़ा पत्नी मोज़ीज़ अब्बास के नाम** **चौहद्दीः पूर्वः** स्व. हबीबुद्दीन एवं विक्रेता का मकान, **पश्चिम**– रास्ता 4 फीट चौड़ा, **उत्तर**– स्व. सिराजुद्दीन एवं स्व. हबीबुद्दीन की संपत्ति, **दक्षिण**– विक्रेता का मकान **(कब्जा–सांकेतिक)**	₹ 14,05,000/– ₹ 1,40,500/–
11.	**ऋणीः श्री प्रमोद कुमार यादव पुत्र शारंग धारी यादव, पताः 1)** 1411, सुलभ आवास, सेक्टर–6, गोमतीनगर विस्तार, गोमतीनगर, लखनऊ, पिन कोड–226010, **पताः 2)** मकान सं. 624सी, प्लॉट सं. 71 के भाग पर निर्मित, मिनजुमला, खसरा स. 570, चिनहट, निकट एनडब्ल्यूपी स्कूल, लखनऊ–226028 **सह–ऋणी : श्रीमती शशि कला पुत्री केवल यादव, पताः 1)** ई–295, कानपुर रोड, सेक्टर–1, एलडीए कॉलोनी, लखनऊ, पिन कोड–226012, **पताः 2)** मकान सं. 624सी, प्लॉट सं. 71 के भाग पर निर्मित, मिनजुमला, खसरा सं. 570, चिनहट, निकट एनडब्ल्यूपी स्कूल, लखनऊ–226028 **मांग सूचना की तिथिः 01.05.2025, बकाया धनराशिः ₹ 24,04,219.13** +ब्याज एवं अन्य खर्चे	मकान नंबर 624सी प्लॉट नंबर 71 पर निर्मित, खसरा नंबर 570, ग्राम–चिनहट लखनऊ, **स्वामीः श्री प्रमोद कुमार यादव एवं श्रीमती शशि कला, क्षेत्रफलः 74.349 वर्ग मीटर, चौहद्दीः–पूर्वः** प्लॉट सं. 072, **पश्चिमः** श्री सुधाकर अवस्थी के प्लॉट सं. 071 का शेष भाग, **उत्तरः** श्री सुधाकर अवस्थी के प्लॉट सं. 071 का शेष भाग, **दक्षिणः** 25 फीट चौड़ी सड़क **कब्जा–सांकेतिक)**	₹ 56,70,000/– ₹ 5,67,000/–
	शाखाः बाराबंकी, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, श्री गौरव सिंह, मो.: 9670854281		
12.	**श्रीमती शैलेश यादव पत्नी श्री राम स्वरूप यादव,** लखपेड़ा बाग, लाल कोठी के पास, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश– 225001 **मेसर्स पतंजली आरोग्य केंद्र, प्रोप. शैलेश यादव,** लखपेड